# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/9826 दिनांक : 17-9-2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषय** :— शैक्षिक सत्र 2025—26 में विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) में प्रवेशित छात्रों को आवंटित विषय/पेपर तथा एन0ई0पी0 से आच्छादित पाठ्यक्रमों के छात्रों हेतु मेजर विषय, माईनर विषय, वोकेशनल/स्किल कोर्स तथा को—करिकुलर आदि विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्रांक : परीक्षा/9793 दिनांक 28.08.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उल्लिखित किया गया था कि महाविद्यालय में प्रवेशित छात्रों का डाटा विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा एवं जिन छात्रों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा वही छात्र परीक्षाफार्म भरने हेतु अर्ह होंगे। पोर्टल पर जिन छात्रों का डाटा महाविद्यालय द्वारा अपलोड कर दिया जायेगा उन छात्रों के किसी भी देय के लिये विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

शैक्षणिक सत्र 2025—26 में विषम सेमेस्टर (3,5,7,9 सेमेस्टर) के छात्रों हेतु विषय/पेपर तथा एन0ई0पी0 से आच्छादित पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म खोले जाने हैं। उक्त के क्रम में महाविद्यालय द्वारा छात्रों को नियमानुसार आवंटित विषय/प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल (https://ccsuniversityweb.in/ ) दिनांक 18.09.2025 से दिनांक 26.09.2025 तक महाविद्यालयों हेतु खोला जा रहा है।

अतः समस्त महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025—26 में विषम सेमेस्टर (3,5,7,9 सेमेस्टर) के छात्रों के विषय/पेपर तथा एन0ई0पी0 से आच्छादित पाठ्यक्रमों के मेजर विषय, माईनर विषय, वोकेशनल/स्किल कोर्स (महाविद्यालय द्वारा चयनित) तथा को—करिकुलर आदि कॉलेज लॉग इन के 'फिल सब्जेक्ट' टैब के अन्तर्गत अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे छात्रों के परीक्षा फार्म भरा कर परीक्षा समय से सम्पन्न कराई जा सके। उक्त पोर्टल पर जिन छात्रों का डाटा अपलोड किया जायेगा केवल उन्हीं छात्रों का परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय द्वारा खोला जायेगा। छात्रों को आवंटित विषय/प्रश्नपत्र पोर्टल पर सावधानीपूर्वक अपलोड करें अन्यथा की स्थिति के लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**भवदीय,**

परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति—कुलपति को प्रति—कुलपति के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
5. सहायक कुलसचिव (गोपनीय) एवं कार्यालय अधीक्षक (परीक्षा/व्यावसायिक परीक्षा)।
6. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी—विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संदर्भित पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

17/09

उप—कुलसचिव(परीक्षा)